Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

# संकलित परीक्षा

## हिन्दी

**समय - 3 घंटे** **कक्षा - सातवीं** **पूर्णांक - 100**

**Date – 26.02.2014**

**निर्देश** – (1) पूरे प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
(2) प्रश्न पत्र चार भागों में विभाजित है।
(3) उत्तर, सुंदर और सुस्पष्ट शब्दों में लिखिए ।
(4) प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः और एक साथ देने का प्रयास करें ।

## खण्ड 'क'

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1×5=5)**

पहले अपने पढ़ने–लिखने के कमरे मं उनका पिंजड़ा रखकर दरवाज़ा खोला, फिर दो कटोरों में सत्तू की छोटी–छोटी गोलियां और पानी रखा। वे दोनों चूहेदानी जैसे पिंजड़े से निकलकर कमरे में मानो खो गए, कभी मेज़ के नीचे घुस गए, कभी अलमारी के पीछे । अंत में इस लुकाछिपी से थककर उन्होंने मेरे रद्दी कागजों की टोकरी को अपने नए बसेरे का गौरव प्रदान किया । फिर आश्वस्त हो जाने पर कभी मेरी मेज़ पर, कभी कुरसी पर और कभी मेरे सिर पर अचानक आविर्भूत होने लगे, दरवाज़ा खला रहने पर चित्रा (बिल्ली) इन नवागंतुकों का पता लगा सकती थी और तब उसके शोध का क्या परिणाम होता, यह अनुमान करना कठिन नहीं है।

क) पाठ और लेखिका का नाम लिखिए।
ख) प्रस्तुत गद्यांश में किसके बारे में बताया जा रहा है?
ग) मोर के बच्चों को घर लाकर लेखिका ने उन्हें कहाँ रखा ?
घ) लेखिका के आश्वस्त हो जाने पर वे क्या करने लगे?
ङ) दरवाज़ा खुला रखने से क्या हो सकता था ?

**प्र.2 निम्नलिखि काव्यांश का पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(1×5=5)**

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन–सा,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी ।
मूंठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पांवों भगी ।

क) कवि की बेचैनी का क्या कारण था ?
ख) कवि की आँख लाल क्यों हो गई?
ग) आँख में तिनका पड़ने पर घमंडी की क्या दशा हुई?
घ) लोगों ने कवि के लिए क्या किया ?
ङ) कवि और कविता का नाम लिखिए।

**प्र.3 निम्नलिखित किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(2×5=10)**

क) कंचे देखने के बाद अप्पू की कक्षा में क्या दशा थी ?
ख) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
ग) नीलकंठ लेखिका के सामने अपनी प्रसन्नता कैसे प्रकट करता था ?
घ) मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा ?
ङ) कुँवरसिंह को बचपन में किन कामों में मज़ा आता था ?
च) धनराज पिल्लै की मां ने उन्हें क्या सीख दी ?

**प्र.4 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए –** **(2×3=6)**

क) ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर क्यों कहा जाता है?
ख) सांप्रदायिक सद्भाव में कुंवर सिंह की गहरी आस्था थी – पाठ के आधार पर कथन की पुष्टि कीजिए ।
ग) खानपान के बदलाव के कौन–से फायदे हैं? फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है?

**प्र.5 सही उत्तर छाँटिए –** **(1×9=9)**

क) जो दुख के समय सहायता करता है, वह क्या कहलाता है?
अ) कपटी मित्र ब) सच्चा मित्र स) मित्र द) बुरा मित्र

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
© www.ncerthelp.com

ख) कौए और सियार की कहानी का मज़ा कौन लेता आ रहा था ?

अ) अप्पू ब) जार्ज स) रामन द) राजप्पा

ग) जब कवि को आँख में तिनका पड़ा, तब कवि कहाँ खड़े थे ?

अ) सड़क पर ब) गली में

स) घास के मैदान में द) छत की मुँडर पर

घ) 'खानपान की बदलती तस्वीर' पाठ के लेखक का नाम बताइए –

अ) रामचंद्र शुक्ल ब) प्रयाग शुक्ल

स) प्रमचंद द) नागार्जुन

ङ) 'महादेवी वर्मा' ने मोर और मोरनी का क्या नाम रखा?

अ) राम–सीता ब) शिव–पार्वती स) नीलकंठ–गीता द) नीलकंठ–राधा

च) भोर होने पर गोपियाँ क्या करने लगीं ?

अ) दही बेचने लगी ब) दूध निकालने लगी

स) दही मथने लगी द) माखन रोटी खाने लगीं

छ) कुँवरसिंह में देशभक्ति एवं स्वाधीनता की भावना किसने उत्पन्न की थी ?

अ) जयपुरिया बाबा ने ब) बसुरिया बाबा ने

स) रामदेव बाबा ने द) नामदेव बाबा ने

ज) धनराज पिल्लै ने जब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी खेली, उस समय उनकी उम्र कितनी थी ?

अ) 16 वर्ष ब) 17 वर्ष स) 15 वर्ष द) 18 वर्ष

झ) आश्रम में हर महीने औसतन कितने अतिथियों के आने की संभावना थी ?

अ) 5 ब) 6 स) 7 द) 10

## खण्ड 'ख'

**प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1×5=5)**

विद्या प्राप्त करने वाला विद्यार्थी कहलाता है । आदर्श विद्यार्था वह है जो स्वभाव से ही विद्या अनुरागी और अनुशासित हो । आदर्श विद्यार्थी 'सादा जीवन : उच्च विचार' में विश्वास रखता है । वह व्यर्थ की बातों में अपना समय नष्ट नहीं करता । सदाचार और स्वावलंबन आदर्श विद्यार्थी के गुण हैं। आदर्श विद्याथी समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करता है। वह समाज के उपेक्षित वर्ग की हर संभव सहायता करता है। उसका व्यवहार सदैव प्रशंसनीय होता है।

© www.ncerthelp.com

क) विद्यार्थी कौन कहलाता है ?

अ) विद्या प्राप्त करने वाला ब) सदाचारी

स) अनुशासन में रहने वाला द) अनुरागो

ख) आदर्श विद्यार्थी किसमें विश्वास रखता है?

अ) सादा जीवन में ब) उच्च विचार में

स) सादा जीवन उच्च विचार में द) किसी में नहीं

ग) 'विद्यार्थी' शब्द का संधि विच्छेद है –

अ) विद्य + अर्थी ब) विद्या + अर्थी

स) वि + द्यार्थी द) विद्या + र्थी

घ) आदर्श विद्यार्थी किसके प्रति कर्तव्य का पालन करता है?

अ) अपने प्रति ब) समाज के प्रति

स) शिक्षा के प्रति द) सभी के प्रति

ङ) 'प्रशंसनीय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है ?

अ) शंस ब) नीय स) अनीय द) य

**प्र.7 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(1×5=5)**

मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए ।
मेरे पुरखों ने धरती का रूप सँवारा,
धरती को सुंदरतम करने की ममता में,

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

© www.ncerthelp.com

बता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा ।
और अभी आगे आने वाली सदियों में,
मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे ।

क) 'मैं' कौन–सा सर्वनाम है?
   अ) पुरुषवाचक  ब) प्रश्नवाचक  स) निजवाचक  द) संबंधवाचक

ख) मज़दूरों ने धरती का रूप कैसे सँवारा ?
   अ) ममता में  ब) गंगा को लाकर
   स) स्वर्णिम पुष्प खिलाकर  द) अथक परिश्रम करके

ग) इस काव्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?
   अ) मज़दूर  ब) देवों की बस्ती  स) स्वर्ग  द) धरती पर स्वर्ग

घ) इनमें से कौन सा शब्द 'धरा' का पर्यायवाची नहीं है?
   अ) भूमि  ब) धरती  स) भू  द) नभ

ङ) 'अगणित' से कवि का क्या अभिप्राय है?
   अ) जिसे गणित नहीं आता  ब) जो गणित हो
   स) जिसकी गिनती न हो सके  द) जो गिनने योग्य हो

**प्र.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **(5×2=10)**

क) श्रीकृष्ण किस उद्देश्य से हस्तिनापुर गए?

ख) चक्रव्यूह के संबंध में युधिष्ठिर ने अभिमन्यु से क्या कहा ?

ग) विदुर को किस बात का भय था?

घ) श्रीकृष्ण ने धृतराष्ट्र के सामन भीम की प्रतिमा क्यों भिजवाई?

ङ) भूरिश्रवा के हाथ काटने के विषय में अर्जुन ने क्या तर्क दिए?

## खण्ड 'ग'

**प्र.9 निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए –** **(2×5=10)**

क) धातु और क्रिया का अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

ख) क्रियाविशेषण के भेद उदाहरण सहित लिखिए ।

© www.ncerthelp.com

ग) विस्मयादिबोधक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

घ) स्वर संधि और व्यंजन संधि में अंतर बताइए ।

ङ) उपसर्ग किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

**प्र.10 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।** **(2×5=10)**

क) नीचे लिखे वाक्यों में सकर्मक और अकर्मक क्रियाए अलग करके लिखिए ।
   अ) माली फल तोड़ रहा है।  ब) राम सो रहा है।

ख) कोष्ठक में दिए क्रिया–रुप के उचित रुप रिक्त स्थानों में भरिए –
   अ) पक्षी आकाश में ................. । (उड़ना का अपूर्ण वर्तमान काल)
   ब) उसने खाना ..................... । (खाना का पूर्ण भूतकाल)

ग) नीचे लिखे शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए –
   अ) पवन – पावन  ब) आधि – व्याधि

घ) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रुप लिखिए –
   मक्षिका, मृत्तिका ।

ङ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –
   अ) उसने अनेकों गंथ लिखे ।
   ब) यह सड़क बड़ा है।

**प्र.11 सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **(1×10=10)**

क) पिताजी माली से पौधे लगवाते हैं ।
   अ) प्रेरणात्मक क्रिया  ब) पूर्वकालिक क्रिया
   स) सामान्य क्रिया  द) नामधातु क्रिया

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

© www.ncerthelp.com

ख) दीदी ने खाना खा लिया होगा ।

अ) अपूर्ण भूतकाल    ब) संदिग्ध भूतकाल

स) आसन्न भूतकाल    द) पूर्ण भूतकाल

ग) कम खाओ ।

अ) क्रियाविशेषण    ब) संबंधबोधक

स) समुच्चयबोधक    द) विस्मयादिबोधक

घ) विद्यालय के पीछे पेड़ है।

अ) क्रियाविशेषण    ब) संबंधबोधक

स) समुच्चयबोधक    द) विस्मयादिबोधक

ङ) राम और श्याम चले गए ।

अ) समुच्चय बोधक    ब) संबंधबोधक

स) क्रियाविशेषण    द) निपात

च) अरे ! तुम कब आए ?

अ) निपात    ब) संबंधबोधक

स) समुच्चयबोधक    द) विस्मयादिबोधक

छ) 'विक्रय' शब्द में उपसर्ग है –

अ) वि    ब) विक्र

स) विक    द) क्रय

ज) 'नाटककार' में प्रत्यय है –

अ) नाटक    ब) कार

स) आर    द) र

झ) 'पंचामृत' समस्त पद का विग्रह और समास का सही नाम है –

अ) पांच और अमृत – द्वंद्व समास    ब) पांच का अमृत – तत्पुरुष समास

स) पांच है अमृत जिसके – बहुब्रीहि समास    द) पांच अमृतों का समूह – द्विगु समास

ञ) न्यायालय –

अ) न्याय + आलय    ब) न्याय + लय

स) न्याया + लय    द) न्याय + लाय

## खण्ड 'घ'

**प्र.12 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।** **(5)**

अ) अवसर से मत चूकिए

ब) चरित्र हो संपत्ति है

स) स्वच्छता का महत्त्व

**प्र.13 अपनी छोटी बहन को समय का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए ।** **(5)**

**अथवा**

**जिलाधीश को परीक्षा के दिनों में देर रात तक बजने वाले लाउडस्पीकरों को बंद करवाने के लिए पत्र लिखिए ।**

**वाचन कौशल।** **(5)**

© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12